कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.08.2024

विषय:- 03 शातिर वाहन चोर थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिलें बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 346/24 धारा 303(2) बीएनएस तथा बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्तगण 1. त्रिलोकी गौतम पुत्र रामजतन गौतम निवासी विशुनपुर मझवारा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 2. योगेन्द्र कुमार गौतम पुत्र यशवन्त कुमार गौतम निवासी चकन्थुआ थाना मड़ियाहूं जनपद जौनपुर व 3. गोविंदा गौतम पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी हैदरपुर थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर को दिनांक-22.08.2024 को तरना फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे थाना शिवपुर, वाराणसी व जनपद जौनपुर से समय करीब 17.10 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण कब्जे व निशानदेही पर चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण त्रिलोकी गौतम व योगेन्द्र कुमार गौतम ने पूछताछ पर बताया कि हम दोनों दोस्त हैं, दिनांक 11.08.2024 को दोपहर में शान्तिनगर कालोनी शिवपुर से एक हॉस्पिटल के सामने से एक हीरो स्प्लेण्डर प्लस चोरी किये थे। मोटरसाइकिल चोरी करके अपने साथी गोविंदा गौतम पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी हैदरपुर थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर को बेचने के लिये उसके घर पर छुपाया है इसके अलावा हम लोगों ने दो और चोरी की गाड़ियां बेचने के लिये उसी के घर पर छिपाया है। दोनों अभियुक्तों साथ में लेकर गोविन्दा गौतम के घर पहुंचकर गोविन्दा गौतम से पूछताछ की गयी तो बताया कि त्रिलोकी गौतम और योगेन्द्र कुमार गौतम मेरे दोस्त हैं, ये लोग तीन मोटरसाइकिल चोरी करके मेरे घर लाकर छिपा दिये हैं, तीनों मोटरसाइकिलें मेरी मड़ई में खड़ी हैं चलिये मैं आप लोगों को दे दे रहा हूं। अभियुक्तगण के कब्जे/ निशानदेही पर कुल 04 अदद मोटरसाइकिलों को कब्जा पुलिस में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. त्रिलोकी गौतम पुत्र रामजतन गौतम निवासी विशुनपुर मझवारा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

2. योगेन्द्र कुमार गौतम पुत्र यशवन्त कुमार गौतम निवासी चकन्थुआ थाना मड़ियाहूं जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष।
3. गोविंदा गौतम पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी हैदरपुर थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- तरना फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे थाना शिवपुर, वाराणसी व जनपद जौनपुर से दिनांक 22.08.2024 को समय करीब 17.10 बजे ।

बरामदगी का विवरण-

1- हीरो स्पलेंडर प्लस रजि0 नं0 UP65DN2940
2- हीरो स्पलेंडर प्लस रजि0 नं0 UP62BW9678
3- हीरो स्पलेंडर प्लस रजि0 नं0 UP62CH9923
4- टीवीएस अपाचे रजि0 नं0 UP62CU5523

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त त्रिलोकी गौतम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0-322/2022 धारा 306,323,504 भा0द0वि0 थाना जलालपुर जनपद जौनपुर
2. मु0अ0सं0-346/24 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

अभियुक्तगण योगेन्द्र कुमार गौतम व गोविन्दा गौतम का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0-346/24 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 चन्द्र भूषण थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्र थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 गौरव सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. प्रशिक्षु उ0नि0 नितिन सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 बालमुकुन्द मौर्या थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 संजीत कुमार शर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 ज्ञानेन्द्र यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

Hero
Kiran
UP 62CU 5523
Aug 23, 2024, 15:21